ICG जहाज़ समुद्र पहरेदार की ASEAN देशों में तैनाती

स्रोत: पी.आई.बी.

भारतीय तटरक्षक बल (ICG) जहाज़ समुद्र पहरेदार ने आसियान देशों में एक महत्त्वपूर्ण विदेशी तैनाती शुरू की, जिससेसमुद्री प्रदूषण से निपटने **और क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मज़बूत करने के लिये** भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।

- समुद्र पहरेदार जैसे **विशेष प्रदूषण नियंत्रण जहाज़ों की यात्रा का उद्देश्य भारत की समुद्री प्रदूषण** प्रतिक्रिया क्षमताओं और आसियान क्षेत्र में समुद्री प्रदूषण के प्रति साझा चिंता को प्रदर्शित करना है।
    - इस यात्रा का उद्देश्य **फिलीपींस,वियतनाम और ब्रुनेई** में प्रमुख समुद्री एजेंसियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करना है।
- यह जहाज़ विशेष समुद्री प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों और प्रदूषण प्रतिक्रिया कन्फिगरेशन के लिये एक चेतक हेलीकॉप्टर की तैनाती से सुसज्जित है, इसे समुद्र में तेल को फैलने से रोकने, उसे एकत्र करने तथा ऑपरेशन हेतु डिज़ाइन किया गया है।
    - भ्रमण वाले **बंदरगाहों पर प्रदूषण प्रतिक्रिया प्रशिक्षण और विभिन्न उपकरणों का प्रायोगिक प्रदर्शन** किया जाएगा।
- ICGS समुद्र पहरेदार आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भारत के पूर्वी तट पर तैनात है, जो उप महानिरीक्षक सुधीर रवींद्रन की कमान में है। पिछले कुछ वर्षों में समुद्र पहरेदार ने समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL)/विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) निगरानी, अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को रोकने और समुद्री खोज एवं बचाव (SAR) सहित विभिन्न तटरक्षक अभियानों में सफलतापूर्वक भाग लिया है।

और पढ़ें: समुद्र प्रहरी की आसियान देशों में तैनाती

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/icg-ship-samudra-paheredar-s-asean-deployment